आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 22.09.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल छह हजार छह सौ इंक्यानवे गांवों का किया जाएगा कायाकल्प।

2— छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला और सत्र न्यायालयों में कल आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आठ लाख चौरासी हजार से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण।

3— बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले में बारह माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण।

4— अगले चौबीस घंटों के दौरान बस्तर संभाग के एक—दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना—रायपुर सहित कुछ जिलों में आज हुई बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत।

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल छह हजार छह सौ इंक्यानवे गांवों का कायाकल्प किया जाएगा। इस अभियान के तहत आदिवासी परिवारों के सामाजिक—आर्थिक विकास के साथ ही गांवों में अधोसंरचनात्मक सुधार भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्र सरकार की इस योजना का राज्य में बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद इस अभियान के तहत आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कनेक्टिविटी और लाईवलीहुड जैसे जरूरी अधोसंरचनात्मक सुधार के कार्य किए जाएंगे।

राष्ट्रपति—मुलाकात

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से बस्तर के माओवाद हिंसा से पीड़ित लोगों ने मुलाकात की। इस दौरान पीड़ितों ने राष्ट्रपति को बताया कि कैसे माओवादी हमलों ने उनके जीवन को तबाह कर दिया है।

राष्ट्रपति ने पीड़ितों की व्यथा को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि केन्द्र सरकार बस्तर में शांति और विकास के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।

प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र में शांति बहाली और विकास के कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। बस्तर में न केवल माओवाद उन्मूलन के लिए प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं, बल्कि लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई योजनाओं से बस्तरवासियों में एक नई उम्मीद जागी है।

उपमुख्यमंत्री—कवर्धा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा कल कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतक प्रशांत साहू के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और उनकी मां को दस लाख रुपए का चेक सौंपा।

उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर घटना की जानकारी ली और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही लोगों से भ्रम न फैलाने और शांति बनाए रखने की अपील की। इस

मौके पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक भावना बोहरा और साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## लोक अदालत

छत्तीसगढ़ के सभी जिला और सत्र न्यायालयों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें आठ लाख चौरासी हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं, दो सौ उनतीस करोड़ रूपये से अधिक का अवार्ड पारित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुकमा जिले में बाढ़ के कारण पक्षकार जिला न्यायालय तक नहीं पहुंच सके, उन पक्षकारों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़कर प्रकरणों में राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया। तेईस जिला और सत्र न्यायालयों में आयोजित लोक अदालत का छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने वर्चुअल जुड़कर कार्यवाही का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने सभी जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीशों और अन्य खंडपीठ के पीठासीन अधिकारियों से संवाद और चर्चा की और उन्हें अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, मुख्य न्यायाधीश ने बिलासपुर में लोक अदालत के लिए गठित दोनों खंडपीठों का भ्रमण किया।

## माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले में कुल बारह माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले इन सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई है।

बीजापुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय तीन इनामी सहित आठ माओवादियों ने समर्पण किया है। इनमें से एक पर आठ लाख, दूसरे पर दो लाख और एक अन्य माओवादी पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित था।

वहीं, दंतेवाड़ा जिले में एक माओवादी दंपत्ति सहित दो अन्य महिला माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन चारों माओवादियों पर बीस लाख रूपये का इनाम घोषित था। जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी दंपत्ति पर आठ–आठ लाख रूपये का इनाम घोषित था और ये रीजनल कंपनी नंबर–दो के सदस्य के रूप में सक्रिय थे। इसके अलावा एक अन्य महिला माओवादी पर तीन लाख और जगरगुंडा एरिया कमेटी की महिला संगठन की अध्यक्ष पर एक लाख रूपये इनाम घोषित था।

## सीआरपीएफ–ट्रक हादसा

बस्तर जिले के बास्तानार घाट में आज केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के जवानों को लेकर जा रही एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में तीन जवानों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए गीदम अस्पताल भेजा गया, जहां घायल जवानों की स्थिति सामान्य बताई गई है। इस ट्रक में बीस जवान सवार थे और ये सभी दोरनापाल से बारसूर की ओर जा रहे थे।

## तीजन बाई–स्वास्थ्य

विख्यात पंडवानी गायिका पद्म विभूषण तीजन बाई पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही हैं। उनके स्वास्थ्य को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों का दल दुर्ग जिले के ग्राम गनियारी स्थित उनके आवास में नियमित रूप से तीजन बाई के स्वास्थ्य की जांच कर रहा है।

नगरीय निकाय–निरीक्षण

नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक कुंदन कुमार ने कुम्हारी नगर पालिका, भिलाई–चरोदा और रिसाली नगर निगमों का दौरा कर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने तीनों नगरीय निकायों में ओबीसी सर्वेक्षण कार्यों का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने निकाय की कार्यप्रणालियों में खामी मिलने और सर्वेक्षण कार्यों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सीएमओ और संबंधित प्रभारी लिपिकों को नोटिस जारी किया। साथ ही प्रभारी कार्यपालन अभियंता को अनुपस्थित पाए जाने पर उसे भी नोटिस जारी किया।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर नगरीय निकायों में आगामी आम निर्वाचन के लिए महापौरों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों तथा वार्ड पार्षदों के पदों के लिए आरक्षण किया जाना है। राज्य शासन ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया है। आयोग के निर्देश पर सभी निकायों में सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है, जिसे पच्चीस सितंबर तक पूरा किया जाना है। संचालनालय और संभागीय कार्यालयों द्वारा इसकी मॉनिटरिंग के लिए टीमों का गठन किया गया है।

पंचायत–ग्रामीण विकास विभाग–भर्ती

राज्य सरकार ने पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त पदों में भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत राष्ट्रीय आजीविका मिशन में दो सौ सैंतीस पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इसमें राज्य स्तर के नौ और जिला स्तर के दो सौ अट्ठाईस पद शामिल हैं। इन पदों पर भर्ती होने से राष्ट्रीय आजीविका मिशन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा।

गौरतलब है कि इससे पहले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में इंजीनियर्स सहित एक सौ इकयासी और स्वास्थ्य विभाग में छह सौ पचास पदों पर भर्ती को मंजूरी दी गई है।

प्रधानमंत्री–विशेष कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एन.डी.ए. सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने पर आकाशवाणी रायपुर से आज शाम सात बजे विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का निर्माण प्रादेशिक समाचार एकांश ने किया है।

मौसम

छत्तीसगढ़ में अगले चार दिनों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने बस्तर संभाग के दक्षिणी जिलों में भारी वर्षा की संभावना भी जताई है। अगले चौबीस घंटों के दौरान बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

इस बीच, रायपुर सहित कई जिलों में आज दोपहर बाद बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के लिए बालोद, बलौदाबाजार, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, गरियाबंद, जांजगीर–चांपा, कांकेर सहित कुल पंद्रह जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

संक्षिप्त समाचार–01

– राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर के एक निजी संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीवन में आनंद और खुशियां अपने हाथ में है। कम सुविधाओं में भी खुश रहा जा सकता है।

– रायपुर में आज छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के तत्वावधान में रायपुर संभाग के जिले रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार और महासमुंद के न्यायिक अधिकारियों का डिवीजनल सेमीनार आयोजित किया गया। इस सेमीनार का उद्घाटन छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने किया।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध साहित्यकार और गीतकार रामेश्वर दास वैष्णव द्वारा रचित पुस्तक 'मोदी है तो सम्भव है' का विमोचन किया। इस किताब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को अलग अंदाज में मुक्तकों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

– नवा रायपुर स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्था में कल तेईस सितंबर से चार अक्टूबर तक भूमि और सतही जल प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

– जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में अवैध रूप से डंप करके रखी गई एक सौ चालीस ट्रैक्टर रेत को तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए जब्त किया और नगर पंचायत के सुपुर्द कर दिया है।

संक्षिप्त समाचार–02

– राजनांदगांव जिले की चिखली पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से पच्चीस किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब दो लाख संतावन हजार रुपये बताई गई है।

– राजनांदगांव जिले की सोमनी पुलिस और साइबर सेल की टीम ने ऑनलाइन ठगी के मामले में एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने पंद्रह एटीएम कार्ड, आठ चेकबुक, पांच पासबुक और सात मोबाइल सिम के साथ पैन कार्ड और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>